- 'किसानों द्वारा सूचना मिल रही है कि बांध टूटने से काफी फसल खराब हो गई है, एसडीम के निर्देशों पर खराब फसल का सर्वे किया जा रहा है'

अनूपगढ़, (निसं)। क्षेत्र में घग्घर नदी के पानी से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गांव 35 एपीडी, 34 एपीडी, 36 एपीडी, एक बीएसएम और 2 बीएसएम में नरमे और धान की फसलें जलमग्न हो गई है।

घग्घर नदी को इस क्षेत्र की जीवनदायिनी माना जाता है। इसका पानी जमीन को रिचार्ज करता है और उर्वरक शक्ति बढ़ाता है, लेकिन इस बार नदी का पानी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। प्रशासन ने फसलों को बचाने के लिए किसानों की मदद से खेतों के पास बांध बनवाए थे। पर पानी की अधिक आवक के कारण बांध टूट गए। इससे लगभग 3200 बीघा में खड़ी 15 करोड़ रुपए की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। किसान अपनी आंखों के सामने फसलों को डूबते देख रहे हैं। वे इस स्थिति में कुछ भी नहीं कर पा रहे है। प्रशासन अब नुकसान का आंकलन करने के लिए सर्वे करवा रहा है। जिला कलेक्टर डॉक्टर मंजू के द्वारा घग्घर नदी से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया गया था तो उस दौरान ग्रामीण कश्मीर कम्बोज सहित अन्य किसानों ने जिला कलेक्टर को बता दिया था कि नदी के बांध कमजोर हो चुके हैं और यह बांध कभी भी टूट सकते हैं।

इस पर जिला कलेक्टर ने कहा था कि बीएसएफ के अधिकारियों से अपील की जाएगी कि पानी को आगे जाने के लिए रास्ता दिया जाए और वहीं सिंचाई विभाग और फ्लड विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए थे कि बांधों को मजबूत किया जाए, मगर आज गांव 35 एपीडी में कटाव आने के कारण करीब 1250 बीघों में खड़ी नरमे और धान की फसल खराब हो गई।

किसान बलराज सिंह ने बताया कि घग्घर नदी के पानी को निकालने के लिए सही रास्ते की जरूरत है, मगर प्रशासन घग्घर नदी के बहाव के लिए सही रास्ता नहीं बना पाया। प्रशासन गांव को बचाने के लिए, किसानों के खेतों के पास बने बांध तुड़वा रहा है, जिस कारण से किसानों की फसल खराब हो रही है। उन्होंने बताया कि इन दिनों किसानों के खेत में नरमें और धान की फसल है। धान की फसल करीब चार से पांच फीट की ऊंचाई तक पहुंच चुकी है, मगर नदी के पानी ने सारी फसल को डूबा दिया है।

किसान नवीन बिश्नोई और मोनू स्वामी ने बताया कि घग्घर नदी में एक बार पानी की आवक कम हो गई थी, मगर वापस से पानी बढ़ने लग गया है। वापस पानी बढ़ने के कारण और पानी जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण भारत पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के आसपास के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अगर बांध टूटता है तो किसान जनजीवन भी प्रभावित हो जाएगा। प्रशासन के द्वारा कोई विशेष बंदोबस्त नहीं किया जा रहे हैं। इस कारण से ग्रामीण अपने ही स्तर पर और अपने ही खर्च पर बांधों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से भी सहयोग की अपील की है।

पटवारी इंद्रजीत ने बताया कि किसानों के द्वारा सूचना मिल रही है कि बांध टूटने से काफी फसल खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि एसडीम सुरेश राव के निर्देशों पर खराब फसल का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे की रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को सौंप जाएगी और फिर सरकार को भिजवाई जाएगी। प्रशासन का प्रयास है कि जिन किसानों का नुकसान हुआ है उन किसानों को नियम अनुसार मुआवजा दिलवाया जाए।

कार से अवैध नकदी व दस्तावेज जब्त

उदयपुर, (निसं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कार जब्त कर नकदी व बैंक से जुड़ दस्तावेज जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी मय टीम रविवार को तलाशी अभियान के दौरान जहां मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर दिक्षित कलाल पुत्र प्रवीण कलाल निवासी गामा बामणिया सागवाड़ा ओवरी डूंगरपुर द्वारा बैंक खाते खरीद फरोख्त करने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अटलबीहारी वाजपेयी सामुदायिक भवन के समीप खड़ी कार में अरविन्दसिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह चौहान कार में मिला। पूछताछ में उसने दिक्षित की कार होकर उसकी कार लेकर जयपुर कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने गई अपनी बहन कुसुम सौहान को लेने आने की जानकारी दी। इस पर उसकी व कार की तलाश ली तो उसमें 500 रूपये की 9 गिड्डियां कुल 4 लाख 50 हजार रूपये नकदी तथा कुछ पासबुकें सहित बैंक से संबधित दस्तावेज, हिसाब डायरी मिली तथा अरविन्द के मोबाइल में भी संदिग्ध जानकारी मिली। इस पर कार नकदी व दस्तावेज जब्त कर दिक्षित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया, जिसकी जांच एसआई ममता देवी को सौंपी है।

घर में घुसकर दलित महिला से दुष्कर्म

महिला चिल्लाई तो पड़ोसियों ने आकर बचाया, युवक घर में ही बक्से में छुप गया, पुलिस को सौंपा

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने महिला को घर में अकेली देखकर मौका पाते ही घर में घुस गया और छेड़छाड़ करते हुए रेप किया। वहीं महिला चिल्लाई तो पड़ोसियों ने आकर महिला का बीच–बचाव किया। वहीं युवक महिला के घर में ही लोहे के बक्से में छुप गया आसपास के पड़ोसी दौड़कर आए और घर की तलाशी ली। इस दौरान युवक लोहे के बक्से में बैठा हुआ दिखाई दिया ग्रामीणों ने युवक को घर पकड़कर मोहल्ले में ले आए और पेड़ से बांधकर थाने में सूचना दी।

शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची ग्रामीण के चुंगल से युवक को छुड़ाकर थाने ले आई महिला ने युवक पर छेड़छाड़ अश्लील हरकत करते हुए रेप का आरोप लगाया। महिला ने दी रिपोर्ट में बताया कि शंभूगढ़ थाना क्षेत्र निवासी जगदीश पिता माधु लाल जाट मुझे कई दिनों से परेशान करते हुए अश्लील वार्तालाप करता है। वही युवक मुझे साथ चलने एवं जबरन मोबाइल पर बात करने का दबाव बना रहा था। मेरे द्वारा आरोपी के साथ नहीं जाने व फोन पर बात नहीं करने पर युवक मुझे जबरन घर से उठाकर ले जाने की धमकी दे रहा था। इस दौरान में सोमवार को सुबह चार बजे मेरा पति मवेशियों का दूध निकालने के लिए घर से बाहर गया, तभी जगदीश जाट मुझे अकेली पाकर मेरे घर में घुसा और मकान के गेट को अंदर से बंद कर मुझे जान से खत्म करने की धमकी देते हुए मेरे साथ अश्लील हरकतें करने लगा और छेड़छाड करते हुये जबरन रेप किया। इस दौरान में घर में अकेली थी। मेरे चिल्लाने पर आसपास के पड़ोसी ने आकर मेरा बीच–बचाव किया।

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2025–26 / 15702 दिनांक 12.09.2025

ई– निविदा–सूचना सं0 93/2025–26

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 30.00 लाख
UBN Number :- DLB2526WSOB18053

राज.संवाद / सी / 25 / 10024 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

प्रोपर्टी डीलर पर फायरिंग, दो आरोपी डिटेन

- घायल प्रोपर्टी डीलर को अस्पताल ले जाया गया और उपचार कराया, परिजन और लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती फिटकासनी रिंग रोड पर रात में हुई हाथापाई के बाद सोमवार सुबह बदमाशों ने कॉल कर प्रोपर्टी डीलर को बुलाया और फायरिंग कर दी। इसमें प्रोपर्टी डीलर के बाएं पैर की जांघ में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया और प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। फायरिंग की सूचना पर एक्टिव हुई पुलिस ने दो बदमाशों को डिटेन कर लिया। इधर घायल के परिजन और समाज के लोगों ने झालामंड स्थित लाइट चौराहा के पास में धरना और प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस के आलाधिकारियों ने उनसे समझाइश कर शान्त किया। बताया जाता है कि छह–सात महिने पहले दोनों पार्टियों के बीच विवाद के चलते राजीनामा हुआ था, मगर उसके बावजूद एक पार्टी रंजिश रखे हुए थे। मामला एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में पड़ने से पुलिस जांच कर रही है। धरना स्थल पर पुलिस का अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

एयरपोर्ट थाना पुलिस के अनुसार झालामंड के लाइट चौराहा फिटकासनी रोड के पास रहने वाले नत्थूराम प्रजापत और रवि विश्नोई के बीच किसी बात को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। विवाद के चलते छह–सात महिने पहले उनमें राजीनामा भी हुआ था। कुछ दिन पहले शांत रहा, मगर रवि विश्नोई फिर भी रंजिश रखे हुए थे। बताया गया कि रविवार की रात में रवि विश्नोई और उसके साथियों ने नत्थूराम को कॉल कर बुलाया था। तब वह अपने घर के नजदीक लाइट चौराहा झालामंड पहुंचा। जहां पर उनके बीच में हाथापाई भी हुई। नत्थूराम और उसके साथ वाले भाई हीरालाल ने जैसे तैसे बच कर अपनी जान बचाई थी। आज सुबह रवि विश्नोई ने फिर से कॉल कर नत्थूराम को बुलाया। इस पर नत्थूराम, उसका भाई हीरालाल आदि गाड़ी लेकर रिंग रोड फिटकासनी पर पहुंचे। उनके गाड़ी से उतरते ही आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जिससे नत्थूराम के बाएं पैर की जांघ में गोली जा धंसी। फायरिंग के तीन चार राउण्ड किए गए, जोकि गाड़ी के शीशे, बोनट और उसके नीचे लगना प्रतीत हुआ है। इधर घायल हुए नत्थूराम को बाद में तत्काल अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची।

एसीपी बोरानाडा आनंद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मामला एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में है। इस पर एसीपी मंडोर नगेंद्र कुमार, एयरपोर्ट थानाधिकारी रामकृष्ण ताडा भी वहां पहुंचे। घटना के कुछ समय बाद ही क्षुब्ध परिजन और समाज के लोगों ने झालामंड लाइट चौराहा के पास में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रखते हुए धरना दे दिया। पुलिस ने दो लोगों को डिटेन किया जाना बताया है। इसमें मुख्य आरोपी रवि विश्नोई भी बताया जाता है।

पीड़ित पक्ष नत्थूराम के परिजन के अनुसार आरोपियों ने रात में झगड़े के बाद उनके घर के आगे पेट्रोल बम भी फैंका था। जिस पर पुलिस वहां पहुंची थी। मौके की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। उनकी गाड़ी को भी जलाने का प्रयास किया गया। मौके पर बोतलें मिली है, पुलिस जांच में जुटी है।

बीकानेर जेल में भुजिया के पैकेट में जमीन में छिपाकर रखा एंड्रॉयड मोबाइल बरामद

बीकानेर केन्द्रीय कारागृह में गैंगस्टर रोहित गोदारा के चार साथी एंड्रॉयड मोबाइल इस्तेमाल कर रहे थे

- जेल में मोबाइल कौन, कहां से और कैसे लाया, इसका पता नहीं चल पाया है, पुलिस जांच में जुटी

बीकानेर, (निसं)। यहां केन्द्रीय कारागृह एक बार फिर चर्चा में है। जेल में गैंगस्टर रोहित गोदारा के साथी रहे हिस्ट्रीशीटर सहित चार लोग एंड्रॉयड मोबाइल इस्तेमाल कर रहे थे। मोबाइल को भुजिया के पैकेट में डाल जमीन में छिपाकर रखा गया था जो बरामद किया गया है।

नापासर पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर अपराधी जो पूर्व में गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग में रहा है, जुलाई माह से बीकानेर जेल में है। जेल में ही उसकी चूक के सजायाफ्ता बंदी श्रवण कुमार, विचाराधीन बंदी अनिल शर्मा उर्फ पंडत और झुंझुनूं निवासी प्रदीप मंगवा से दोस्ती हो गई। चारों बंदी जेल में रहकर एंड्रॉयड मोबाइल फोन इस्तेमाल कर रहे थे। जेल में रहकर बाहर के लोगों से लगातार बातचीत करते थे। जेल कार्मिकों को इन बंदियों की गतिविधियों पर शक था, इसलिए उनकी मुखबिरी की जा रही थी। इस दौरान बंदियों के पास मोबाइल फोन और बाहर बातचीत किए जाने की जानकारी मिली। जेल कार्मिकों ने वार्ड नं. 8 के बैरक नं. 30 की तलाशी ली। इस दौरान बैरक के पीछे भुजिया के पैकेट में डालकर जमीन में छिपाया गया वीवो कंपनी का एंड्रॉयड फोन बरामद हो गया। फोन पर लगे पासवर्ड से उसे खोला गया और जांच–पड़ताल की गई तो सामने आया कि चारों बंदियों ने व्हाट्सअप कॉल के जरिये जेल से बाहर बातचीत की है। मोबाइल जब्त कर लिया गया। प्रहरी श्यामसुन्दर बिश्नोई की ओर से बीछवाल पुलिस थाने में चारों बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले की जांच एसआई सुशीला को सौंपी गई है। जेल में मोबाइल कौन, कहां से और कैसे लाया, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस तो मामले की जांच करेगी ही, जेल अधिकारी भी अपने स्तर पर छानबीन में जुटे हैं। बीकानेर जेल में वर्ष 2023 से अब तक मोबाइल, मादक पदार्थ और अन्य संदिग्ध सामग्री मिलने के 24 मुकदमे दर्ज हो चुके है। वर्ष 2024 में 17 मुकदमे दर्ज हुए थे। इस साल अब तक सात मुकदमे दर्ज हो चुके है। बीछवाल थाना पुलिस ने इनकी जांच की तो सामने आया कि जेल में ज्यादातर की–पैड मोबाइल बरामद किए गए। ये मोबाइल रिश्तेदारों, सुरक्षाकर्मी और स्टॉफ की मिलीभगत या बाहर से थ्रो कर दीवार के उस पार भेजे गए।

जेल में बंदियों से अक्सर की–पैड वाले मोबाइल फोन बरामद होते रहे हैं, लेकिन, नया एंड्रायड मोबाइल बरामद होना खतरे की घंटी है, क्योंकि, केन्द्रीय कारागृह में हार्डकोर अपराधी और गैंगस्टर के गुर्गे बंद हैं। हरियाणा–पंजाब सहित अन्य राज्यों के और पाकिस्तानी बंदी भी हैं। जेल से मोबाइल के जरिये बाहर लोगों को धमकी देकर फिरौती मांगने की वारदातें हो चुकी है। मुख्यमंत्री तक को धमकी दी जा चुकी है। पिछले दिनों एक बंदी की ओर से जेल के अंदर बनाया गया वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एंड्रॉयड मोबाइल से जेल में रहकर भी आपराधिक वारदातों को अंजाम देना और गिरोह चलाना आसान है।

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/141 - 143 Date :- 12/09/2025

ई-निविदा सूचना संख्या : 38/2025-26

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 666.86 लाख (02 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि	15.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 09.10.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	15.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 09.10.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	10.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे (तकनिकी बिड)

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2526WSOB00252, ITU2526WSOB00253

राज.संवाद/सी/25/10034 अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम उदयपुर विकास प्राधिकरण

औरंगजेब की प्रशंसा पर सुखाड़िया वि.वि. में हंगामा, छात्रों ने कांच फोड़े

- कुलगुरु सुनीता मिश्रा का पुतला फूंका, हटाने की मांग की

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में औरंगजेब की प्रशंसा करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को भी छात्रों ने कुलगुरु सुनीता मिश्रा के खिलाफ हंगामा किया। छात्र प्रशासनिक भवन में पीछे के गेट से घुसे और दरवाजों के कांच फोड़ दिए। कुलगुरु का पुतला फूंका, इसके बाद टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को बिगड़ते विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस को बुलाया।

जानकारी के अनुसार कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा ने एक संगोष्ठी में अपने सम्बोधन के दौरान मुगल बादशाह औरंगजेब को कुशल प्रशासक बताया था। इसके बाद से उनका विरोध हो रहा है। कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने अपने बयान के लिए माफी मांग ली है। इसके बावजूद छात्र उनको हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि गत 12 सितंबर को यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हम महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान और अकबर जैसे कई राजा–महाराजाओं के बारे में सुनते हैं। इनमें कुछ औरंगजेब जैसे कुशल प्रशासक भी थे। इधर विवाद बढ़ने के बाद कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा ने माफी मांगते हुए एक बयान जारी किया। सुनीता मिश्रा ने कहा कि वक्तव्य को गलत तरीके से तोड़–मरोड़कर पेश किया गया है। यदि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उन्होंने औरंगजेब की प्रशंसा में कुछ नहीं कहा है। ये मूलतः अहिन्दी भाषी हैं जिसके कारण सुनने में भाषा संबंधी असमंजस हो जाता है। उनका मंतव्य किसी की भावनाओं को आहत करने का नहीं था और यदि उनके वक्तव्य से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे क्षमा चाहती है।

कुलपति सुनीता मिश्रा के बयान का मेवाड़ क्षत्रिय महासभा शहर शाखा एवं बजरंग सेना मेवाड़ द्वारा विरोध व्यक्त करते हुए संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेवाड़ की पवित्र भूमि प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की वीरता और बहादुरी से भरी पड़ी है। इस पर कुलपति द्वारा औरंगजेब की प्रशंसा करना कहां का न्याय है। जिसने मंदिरों को तोड़ा, हिंदुओं को लूटा, ऐसे व्यक्ति के बारे में प्रशंसा को लेकर मेवाड़ क्षत्रिय महासभा शहर शाखा के अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह केरेलिया एवं बजरंग सेना मेवाड़ के प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने प्रशासन से मांग की है कि कुलपति को तुरंत बर्खास्त किया जाए अन्यथा हम आंदोलन की ओर अग्रसर होना पड़ेगा।

युवती से 24 हजार की ठगी

जोधपुर, (कासं)। शहर के बासनी तंबोलिया में रहने वाली एक युवती को शातिर ने खाते में गलती से रूपए आने की बात कहकर वापस रूपए भेजने को कहा। इस पर युवती ने उसकी बात में आकर 24 हजार की रकम बदमाश के खाते में ट्रांसफर कर दी। बाद में उसे पता लगा कि खाते में कोई रूपए आए नहीं थे। उसने साइबर पोर्टल पर पहले शिकायत दी और अब माता का थान पुलिस थाने में फ्रॉड का केस दर्ज कराया है। हेड कांस्टेबल भागीरथ ने बताया कि मगजी की घाटी पन्नालाल गौशाला मंडोर हाल सुंदर सिंह भंडारी योजना बासनी तंबोलिया निवासी दुर्गा मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उसके पास 10 अगस्त को किसी ने कॉल कर कहा कि गलती से उसने खाते में 24 हजार रूपए डाल दिए हैं, वह उसे वापिस लौटाए। इस पर शातिर के बताए खाते पर दुर्गा ने 24 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में दुर्गा ने खाता चैक किया तो पता लगा कि रूपए नहीं आए थे। उसने साइबर पोर्टल पर भी शिकायत दी।

MBM UNIVERSITY, JODHPUR

No. : MBMU/OIC/2025-26/800 Date :- 13/09/2025

NOTICE INVITING BID

Bids are invited from interested eligible and experienced vendors/suppliers for the supply/provision of the following items/services at MBM University, Jodhpur. All other particulars of the bid may be visited on the portal **sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in and www.mbm.ac.in.**

1. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00039 COMSOL Multiphysics for Mechanical Department (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹32.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025, 12:00 Noon.
2. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00040 Data Acquisition Systems for Mechanical Department (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹20.00 and last date of bid submission 24.09.2025, 12:00 Noon.
3. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00041 Equipment for Automobile Lab (UNDER PM-USHA) at M B M University, Jodhpur. with estimated amount ₹19.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
4. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00042 Equipment for Mechanical Workshop for Mechanical Department (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹47.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
5. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00043 Equipment for Thermal Properties Measurement Apparatus (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹19.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
6. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00044 HMT laboratory Equipment's (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹10.30 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
7. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00045 Instrumentation Lab Equipment's for Mechanical Department (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹11.50 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
8. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00046 Refrigeration and Air Conditioning Lab Equipment's for Mechanical Department (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹12.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
9. Bids vide UBN No: MBM2526GSOB00047 3D Cad Software's in computer lab (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹05.00 Lakhs and last date of bid submission 19.09.2025 12:00 Noon.
10. Bids vide UBN No: MBM2526GSRC00048 Rate contract of Stationary Items at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹10.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.
11. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00049 Equipment's for Solar Lab for Mechanical Department (UNDER PM-USHA) at MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹13.00 Lakhs and last date of bid submission 24.09.2025 12:00 Noon.

Raj.Samwad/C/25/10042 OIC-Central Store

राजस्थान आवासन मण्डल

क्रमांक :- 425 दिनांक :- 12/09/2025

निविदा सूचना संख्या 07/2025-26

इस कार्यालय द्वारा 1. द्वारकापुरी अपार्टमेन्ट सेक्टर-26, प्रताप नगर, जयपुर में एच.टी./एल.टी. अन्डर ग्राउण्ड केबल के सुद्दढीकरण का कार्य। 2. गुलाबपुरा, भीलवाड़ा आवासीय योजना में एच.टी. लाईन को शिफ्ट करने का कार्य। उक्त समस्त कार्यों की निविदा इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 16.09.2025 से 25.09.2025 सायं 06:00 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in & http://rhb.rajasthan.gov.in विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। यू.बी.एन. नं.:- RHB2526WSOB00198 और RHB2526WSOB00199

राज.संवाद/सी/25/10065 आवासीय अभियन्ता, खण्ड-विद्युत, जयपुर

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांक :- एफ/साविम/खु.नि. स्टोर/2025-26/02 दिनांक :- 12/09/2025

खुली निविदा सूचना

महाविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सफाई कार्य हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की अंतिम तिथी 23.09.2025 है। निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.raubikaner.org and http://www.sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा निरस्त करने का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित है।
NIB Code : SKA2526A0042, UBN No. : SKA2526WSOB00086

राज.संवाद/सी/25/10046 अधिष्ठाता

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर

ई-निविदा सूचना संख्या 23/2025-26

इस विश्वविद्यालय में संवेदक के माध्यम से मानव संसाधन उपलब्ध करवाए जाने के लिए जारी ई–बोली आमन्त्रित की जाती है, बोली प्रपत्र दिनांक 10.09.2025 से https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://www.policeuniversity.ac.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है व https://eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन भरा जाना है।
UBN No. : SUP2526SLOB00016

राज.संवाद/सी/25/10043 कुलसचिव

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

ई-निविदा सूचना दिनांक :- 12/09/2025

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
आर.एस.एम.एम. / एसबीयू एण्ड पीसी–एल.एस / प्रमुख एवं प्रभारी–एलएस / संविदा–06 / 2025–26 दिनांक 11.09.2025 UBN No. MML2526SLOB00087	कम्पनी की गोटन चूना पत्थर ईकाई, कार्यालय, जिला नागौर पर अवैध खनन् रोकथाम हेतु चार महेन्द्रा जीप (7–सीटर कवर्ड एसी डीजल टैक्सी परमिट) मॉडल वर्ष 2018 या उसके बाद की 24 घण्टे प्रतिदिन कार्य हेतु (3000 किमी प्रति जीप प्रति माह चलाने हेतु)। {चारो वाहनों की सम्मिलित कुल मासिक न्यूनतम निर्धारित किलोमीटर 12000 किलोमीटर प्रति माह} अनुमानित मूल्य (रू.) 10.20 लाख, धरोहर राशि (रू.) – 20400 / –, निविदा राशि– 1180 / –

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/10049 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

27 साल से फरार इनामी बदमाश गुजरात से गिरफ्तार

वर्ष 1998 से धोखाधड़ी के मामले में फरार था 25 हजार का इनामी बदमाश अकबर

- आरोपी अकबर वाहनों को खरीद फरोख्त के नाम से रूपये लेकर हड़पने का काम करता था

उदयपुर, (निसं)। जयपुर एटीएस एवं एसओजी की टीम ने एटीएस उदयपुर यूनिट के सहयोग से सत्ताईस वर्ष से फरार इनामी बदमाश को गुजरात से गिरफ्तार किया है।

एटीएस महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि वीके सिंहअतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी के निर्देशानुसार उदयपुर एटीएस एटीएम टीम के सहयोग से वर्ष 1998 से धोखाधड़ी के मामले में फरार 25 हजार के इनामी बदमाश अकबर पुत्र गनी मोहम्मद निवासी मांगरोल सूरत गुजरात को गिरफ्तार किया। आरोपी अकबर वाहनों को खरीद–फरोख्त के नाम से रूपये लेकर हड़पने का काम करता था, जिसे बांसवाड़ा सहित कई जिलों की पुलिस तलाश कर रही थी, जो अपने ससुराल सूरत मांगरोल में छुप कर रह रहा था। इस मामले में आरोपी के सहयोगी पीर मोहम्मद, हमीद खां, विवेक कुमार, दाउद पूर्व में गिरफ्तार हो चुके है। एटीएस उदयपुर यूनिट ने अकबर के अपने ससुराल सूरत में होने की सूचना पर उससे संपर्क कर वाहन खरीदने की बात की। दो माह तक चले ऑपरेशन में की गई कार्रवाई के चलते आरोपी एटीएस की गिरफ्त में आया। महानिरीक्षक पुलिस जयपुर विकास कुमार ने कार्रवाई में शामिल टीमों को जयपुर एटीएस कार्यालय में सम्मानित करने की घोषणा की।

वृद्धा के जेवर लूटे : उदयपुर में मकान के आंगन में सोई वृद्धा के बदमाश जेवर छीन ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 सितंबर रात में भोपों का गुड़ा सांगवा फला घासा निवासी नंदूबाई (75) पत्नी अमराजी डांगी परिवार सहित अपने मकान के आंगन में सोई थी। रात में आया अज्ञात चोर नन्दूबाई के दाये कान से सोने का गाला लूट ले गया। नींद से जाग होने एवं चिल्लाने पर देखा तो कान से खून निकल रहा था एवं गाला गायब था। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया है।

कार्यालय नगर परिषद चित्तौड़गढ़

पता – रेलवे ऑवर ब्रिज के पास, पुरानी रेलवे फाटक, जिला चित्तौडगढ https://lsgeauction.rajasthan.gov.in

क्रमांक : भूमि / 2025–26 / 5305–11 दिनांक :– 03.09.2025

ई–ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड की नीलामी सूचना बाबत्

नगर परिषद चित्तौडगढ द्वारा ई–ऑक्शन के माध्यम से गांधीनगर आवासीय योजना, महेशपुरम आवासीय योजना एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय योजना चित्तौडगढ में स्थित निम्न सारणी अनुसार आवासीय भूखण्डो को नीलाम किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन शुल्क एवं धरोहर राशि दिनांक 29.09.2025 समय प्रातः 10.00 A.M. बजे से दिनांक 06.10.2025 समय सांय 5.00 P.M. बजे तक जमा करवा सकते है। ई–ऑक्शन दिनांक 07.10.2025 को प्रातः 10.00 AM बजे से शुरू होगा तथा दिनांक 09.10.2025 को सांय 5.00 PM बजे तक रहेगा। नियम / शर्ते एवं नीलामी से संबंधित जानकारी ई–ऑक्शन पोर्टल https://lsgeauction.rajasthan.gov.in(SSO ID के माध्यम से) पर देखी जा सकती है। निलामी में बोली लगाने के लिए प्रतिभागी स्वयं की SSo Id (G2C) से LSG E-action Portal पर अपनी Profile व Refund Account Details भरने के बाद उपलब्ध Live E-action में भाग ले सकते है।

भूखण्डों के लिए विशेष विवरण :–

क्र. सं.	योजना का नाम	Facing Towards	भूखण्ड सं.	आम रोड़	साईज वर्गफीट में	प्रस्तावित न्यूनतम निलामी दर प्रति वर्गफीट (आरक्षित दर)	धरोहर राशि
1	गांधीनगर एफ ब्लॉक सेक्टर नं. 5	East	116	30 फीट	30X64=1920	1500	16000
2	गांधीनगर एफ ब्लॉक सेक्टर नं. 5 आम रोड 40 फीट	South	147	40 फीट	30X64=1920	2000	20000
3	गांधीनगर सेक्टर नं. 5 (विस्तार)	South-East	716-Corner	30 फीट, 30 फीट	25X50=1250	2500	40000
4		North-East	717-Corner	30 फीट, 30 फीट	25X52=1300	2500	42000
5	गांधीनगर सेक्टर नं. 5 (विस्तार)	South-East	692 - Corner	40 फीट, 30 फीट	30X64=1920	2400	62000
6		South	693	40 फीट	30X64=1920	2400	62000
7		South	694	40 फीट	30X64=1920	2400	62000
8	महेशपुरम आवासीय योजना ब्लॉक बी	West	78	30 फीट	20X50=1000	1500	7000
9	श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय योजना ब्लॉक ए	West	11	60 फीट	20X40=800	1000	5100
10		West	12	60 फीट	20X40=800	1000	5100
11		West	13	60 फीट	20X40=800	1000	5100
12	श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय योजना ब्लॉक ए	North-West	16-Corner	60 फीट, 40 फीट	27X40=1080	1000	7000
13		West	17	60 फीट	20X40=800	1000	5100
14		South-East	25-Corner	40 फीट, 30 फीट	27X40=1080	1000	7000
15	श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय योजना ब्लॉक ए	North-East	33-Corner	40 फीट, 30 फीट	27X40=1080	1000	7000
16	श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवासीय योजना ब्लॉक बी	North-West	67-Corner	40 फीट, 30 फीट	33.6X50=1675	1000	11000
17		South-East	73-Corner	40 फीट, 40 फीट	33.6X60=2010	1000	13000
18	गांधीनगर जी ब्लॉक सेक्टर नं. 5	South	78	40 फीट	30X64=1920	2000	20000
19		South	79	40 फीट	30X64=1920	2000	20000
20		West	113	20 फीट	20X49=980	1500	10000

उपरोक्त सभी ये भूखण्ड नगर परिषद सीमा क्षैत्र में स्थित होकर प्राईम लोकेशन पर है।
नोट :– आमजन द्वारा निलामी में भाग लेने हेतु सम्पूर्ण प्रक्रिया SSO-ID (G2C) के माध्यम से LSG E-auction की App/Portal पर देखा जा सकता है।

राज.संवाद / सी / 25 / 10009 प्रशासक आयुक्त

'राइजिंग राजस्थान के महज 9 महीने में पांच लाख करोड़ रु. के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास'

जयपुर (कासं)। राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया था। इस सम्मेलन के महज 9 महीनों में, 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के समझौता ज्ञापनों का शिलान्यास हो चुका है।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर ''राइजिंग राजस्थान'' समिट में एम.ओ.यू. करने वाले निवेशकों के साथ नियमित बैठक कर तमाम प्रोजेक्ट्स को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तमाम प्रोजेक्ट्स की समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए निवेशकों के साथ समन्वय स्थापित कर काम करें।

बैठक के दौरान पंत ने प्रमुख क्षेत्रों में विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी की समीक्षा की, प्राप्त लक्ष्यों पर प्रकाश डाला और जी.बी.सी. लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभाग के अधिकारियों की सराहना की। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, ''नियमित बैठकें, निवेशकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई और पारदर्शी प्रक्रिया बनाए रखने से समझौता ज्ञापनों का त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा और प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।'' मुख्य सचिव ने आगे कहा कि नई शहरी आवास विकास नीति लागू होने से समझौता ज्ञापनों के कार्यान्वयन के लिए भूमि आवंटन में तेज़ी लाने में मदद मिलेगी, जिससे परियोजनाओं का शिलान्यास शीघ्रता से शुरू हो सकेगा।

इसके अलावा, पंत ने अधिकारियों को निवेशकों को रीको की प्रत्यक्ष भूमि आवंटन योजना से अवगत कराने के निर्देश दिए। यह योजना उन निवेशकों को आरक्षित मूल्य पर औद्योगिक भूखंड प्रदान करती है जिन्होंने 27 अगस्त 2025 से पहले ''राइजिंग राजस्थान'' के तहत राज्य के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रत्यक्ष भूमि आवंटन योजना और ई-नीलामी के चौथे चरण तक, 1200 से अधिक भूखंड आवंटित किए जा चुके है। रीको की प्रत्यक्ष भूमि आवंटन योजना का पाँचवाँ चरण 12 सितंबर 2025 को शुरू हुआ और रीको द्वारा विकसित विभिन्न नए और मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों को 6 हजार से अधिक औद्योगिक भूखंड प्रदान करेगा।

बैठक में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, खेल सचिव नीरज के. कुमार, पशुपालन सचिव डॉ. समित शर्मा, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव (अतिरिक्त) डॉ. जोगा राम, कृषि विभाग के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजन विशाल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. सरवण कुमार, निवेश संवर्धन ब्यूरो (बीआईपी) के आयुक्त सुरेश कुमार ओला और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर ''राइजिंग राजस्थान'' समिट के एम.ओ.यू. की प्रगति की समीक्षा की।

■ अधिकारी, निवेशकों के साथ नियमित बैठकें कर प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतारने के काम में तेजी लाएं : मुख्य सचिव

कलयुगी बेटे ने गला दबाकर कर दी अपनी मां की हत्या

वाई-फाई कनेक्शन छेड़ने को लेकर दोनों में हुई थी कहासुनी

जयपुर । करधनी थाना इलाके में एक बेटे ने अपनी मां की गला दबाने और डंडे से सिर पर वार हत्या करने का मामला सामने आया है।

पुलिस जांच के अनुसार सोमवार दोपहर को वाईफाई कनेक्शन छेड़ने को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद बेटे ने मां के साथ मारपीट शुरू कर दी और परिवार बचाने आया तो उनके साथ भी मारपीट की। गला दबाने और डंडे से सिर पर वार करने से महिला घायल हो गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया।

इस संबंध में मृतका के बड़े बेटे ने आरोपित भाई के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

■ मृतका के बड़े बेटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना इलाके में मृत महिला संतोष (51) पत्नी लक्ष्मण सिंह मूर्ति हरियाणा के (महेंद्रगढ़) की रहने वाली थी। पति लक्ष्मण सिंह करीब 10 साल पहले सेना से रिटायर्ड हुए थे। महिला शेखावत मार्ग पर अपने पति लक्ष्मण सिंह बेटे नवीन सिंह और दो बेटियों के साथ रहती थी। साल-2020 में नवीन की शादी हुई थी। इसके बाद उसकी पत्नी छोड़कर चली गई पत्नी ने यूपी के बुलंदशहर में दहेज का केस दर्ज कर रखा है। सोमवार दोपहर वाई-फाई कनेक्शन को लेकर बेटे नवीन की अपनी मां संतोष से झगड़ा हुआ था नवीन ने अपनी मां के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने उसके पिता और बहन आईं। उनके साथ भी मारपीट की गई। गला दबाने और डंडे से सिर पर वार करने थे संतोष बेहोश हो गई थी। इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक के बड़े बेटे ओमपाल ने छोटे भाई के नवीन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

120 यूनिट रक्त संग्रह, युवाओं ने दिखाया उत्साह

जयपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को मालवीय नगर स्थित सेक्टर-6 विजयवर्गीय गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 120 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने भी शिविर में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम संयोजक जय नायक एवं चंद्र प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में युवाओं ने पूरे जोश और सेवा भावना के साथ रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य केवल रक्त संग्रह करना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा और जागरूकता की भावना को भी बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में पार्षद रामप्रसाद शर्मा, ओम स्वामी, नरेंद्र सिंह, मनमोहन शर्मा, सुरेश अरोड़ा (डिंपी), खेम सिंह, वीरेंद्र नायक, रामावतार शर्मा, तन्मय चौधरी, प्रवीण मेहता, सतीश शर्मा, ध्रुव पटेल, मोहित यादव, अजय मीणा मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने की राज्य सरकार की योजनाओं की प्रशंसा

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सोमवार को आयोजित अहम बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जयपुर के सर्किट हाउस में हुई बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी, आयुक्त नगम निगम ग्रेटर डॉ. गौरव सैनी, आयुक्त विशेष योग्यजन केसरलाल मीना सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

अठावले ने केंद्रीय मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं की गत तीन वर्षों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, विशेष योग्यजन विभाग, अनुजा निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बैठक में राज्य में अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का राशि वितरण, एससी/एसटी के लिए अत्याचार निवारण अधिनियम का क्रियान्वयन, अंतरजातीय विवाह हेतु अनुदान राशि वितरण, अनुसूचित जाति की छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय के लिए अनुदान राशि वितरण, राज्य में वृद्धाश्रम योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन हेतु अनुदान राशि का वितरण, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। अठावले ने मैनुअल स्कैवेंजरों (हाथ से मैला ढोने वालों) से संबंधित योजनाएँ एवं अनुदान राशि का वितरण, अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जनजाति समुदायों के कल्याण के लिए अन्य योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकानों का आवंटन, जनधन योजना के अंतर्गत बैंक खाते खोलना, बीमा एवं पेंशन की सुविधा, राज्य में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों और गैर-औपचारिक सूक्ष्म उद्यमों हेतु मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण का वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों को एलपीजी गैस कनेक्शन का आवंटन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। सामाजिक बैठक में स्वायत शासन, वित्त, आयोजना, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्रामीण विकास विभाग सहित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अधिकारी एवं संबंधित योजना प्रभारी उपस्थित रहे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सोमवार को जयपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

केंद्र सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध : अठावले

जयपुर । केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने जयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत देशभर में 56.37 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिसमें से राजस्थान में 3.75 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत देशभर में 54.69 करोड़ लोगों को 35.34 लाख करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए हैं। राजस्थान में 2.34 करोड़ लोगों को 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला है। इसी प्रकार देशभर में 10.33 करोड़ गैस कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत दिए गए, जिनमें से राजस्थान के 73.77 लाख कनेक्शन आवंटित हुए हैं। आवास योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि 2015 से 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत देशभर में 2.79 करोड़ मकानों का निर्माण किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 94.11 लाख मकान बनाए गए हैं, जिनमें से राजस्थान में 2.41 लाख मकानों का निर्माण हुआ है।

सार-समाचार

इंजीनियरिंग और ए.आई. पर चर्चा

जयपुर । भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती पर इंजीनियर्स डे 2025 के अवसर पर बीएसएनएल राजस्थान सर्कल ने विशेष वेबिनार का आयोजन किया। इसमें आधुनिक इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बदलती भूमिका पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। वेबिनार का शुभारंभ बीएसएनएल राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय के उद्घाटन संबोधन से हुआ। विक्रम मालवीय ने भारत रत्न श्री एम. विश्वेश्वरैया को नमन करते हुये उनके जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एम. विश्वेश्वरैया एक बेहतरीन इंजीनियर तो थे ही साथ ही कृषि, सिंचाई एवं उद्योग जगत मे उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आधुनिक भारत के निर्माण मे उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि-आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रत्येक इंजीनियर के कार्य का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चाहे दूरसंचार हो, स्वास्थ्य हो या शिक्षा, हर क्षेत्र में एआई इंजीनियरिंग के भविष्य को दिशा दे रहा है। हमें इसे जिम्मेदारी और विश्वसनीयता के साथ अपनाना होगा, ताकि तकनीक मानवता के हित में काम करे। इस मौके पर नई दिल्ली के दूरसंचार विभाग के डीडीजी (अंतरराष्ट्रीय संबंध) अविनाश अग्रवाल, डॉ. जयश्री वाजपेयी, डीन, एमबीएम यूनिवर्सिटी, जोधपुर, डॉ. सुमित्रा पद्मनाभन, एसोसिएट डायरेक्टर (एकेडमिक्स) एवं एडजंक्ट प्रोफेसर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संदीप सैनी (सहायक निदेशक) ने किया।

जयपुर पुलिस की जांबाजी पर बनेगी फिल्म

जयपुर । जयपुर पुलिस के कार्यों और उनकी जांबाजी पर जल्द ही एक फिल्म बनने जा रही है। वहीं इस फिल्म की कहानी में दिखाया जाएगा कि केस की जांच के दौरान पुलिस को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। किस तरह वे अपराधी को पकड़ने में कामयाब होते हैं।इसके चलते सोमवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने फिल्म का पोस्टर विमोचन किया। इस फिल्म के लेखक और निर्देशक मोहसिन खान हैं। पोस्टर विमोचन के दौरान थिएटर आर्टिस्ट राजीव महर्षि एडवोकेट और फिल्म में एसपी की भूमिका निभा रहे सीनियर कलाकार दीपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। लेखक और निर्देशक मोहसिन खान ने बताया कि यह फिल्म एक हत्या मिस्ट्री पर आधारित है। जिसे जयपुर पुलिस सुलझाती है। कहानी में दिखाया जाएगा कि केस की जांच के दौरान पुलिस को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। किस तरह वे अपराधी को पकड़ने में कामयाब होते हैं। साथ ही फिल्म में एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया है। फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से जयपुर की लोकेशन पर की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर आज करेंगे जनसुनवाई

जयपुर । आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 17 सितम्बर (बुधवार) को शाम 4 से शाम 7 बजे तक पुलिस थाना खोह नागोरियान में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व, सहायक पुलिस आयुक्त बस्ती, मालवीय नगर एवं आदर्श नगर एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पुलिस थाना बस्सी, कानोता, तूंगा, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाज नगर, खोह नागोरियान, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर एवं जामडोली क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

टोक्यो में परशुराम चेतना का परचम

जयपुर । श्री विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी भगवान परशुराम के आदर्शों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विश्वभर में प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से कार्यरत इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर परशुराम कॉन्शसनेस का इस्पेक-जापान चैप्टर टोक्यो में विशेष चर्चा का केंद्र बना।इस्पेक-जापान चैप्टर ने जापान की प्रतिष्ठित संस्था 'तरंग' को समाज सेवा हेतु स्पॉन्सरशिप प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम से जुड़े प्रसंगों पर आधारित वीडियो एनीमेशन से हुई। उसके बाद इस्पेक-जापान चैप्टर के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण किया गया । उपस्थित जन को संगठन की भावी योजनाओं तथा क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर इस्पेक, जापान चैप्टर के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष नितिन तिवारी सचिव-कोषाध्यक्ष मनोज गौड़ को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शन हेतु इस्पेक की चेयरपर्सन डॉ. हर्षा त्रिवेदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जापान के पदाधिकारियों ने विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, इस्पेक प्रभारी प्यारे लाल शर्मा के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

'आर.जी.एच.एस. में 880 करोड़ रुपए दबाए बैठे हैं अधिकारी, 3 लाख से ज्यादा बिल पोर्टल से गायब'

प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति ने प्रदर्शन कर आरोप लगाए, जांच की मांग भी उठाई

जयपुर। आर.जी.एच.एस. (राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम) प्रदेश का सबसे बड़ा हेल्थ स्कैम बनता जा रहा है। अधिकृत दवा दुकानदारों का लगभग 880 करोड़ रुपये विभागीय अधिकारियों और टीपीए की मनमानी में फंसा पड़ा है। अचानक पोर्टल से 3 लाख से ज्यादा बिल गायब हो गए हैं, लेकिन आज तक किसी ने जवाब नहीं दिया। यह आरोप प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के पदाधिकारियों ने लगाते हुए कहा कि योजना शुरू करते समय सरकार ने वादा किया था कि केमिस्ट को 21 दिन में भुगतान होगा लेकिन अब हालात यह हैं कि दुकानदारों को 6-7 महीने तक भी भुगतान नहीं मिलता है। इसको लेकर सूबे के 5 हजार से अधिक केमिस्ट परिवार न्याय की लडाई लड़ रहे हैं।

समिति अध्यक्ष विवेक विजयर्गीय व उपाध्यक्ष सचिन गोयल ने बताया कि बच्चों की स्कूल फीस बकाया है, दुकानें बंद होने की कगार पर पहुंच गई हैं, कर्ज व उधारी बढ़ती जा रही है, ऐसे में भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। सुबोध कुमार सिंघल ने बताया कि मरीज को समय पर दवा जरूर मिल रही है, लेकिन दवा देने वाले दुकानदार खुद आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

समिति सचिव रवि गुप्ता, पवन अग्रवाल, अनुपम बंसल, नीरज बजाज ने बताया कि 880 करोड़ रुपये कहां गए, 3 लाख बिल पोर्टल से कैसे गायब हो गए, क्यों 21 दिन का वादा 6-7 महीने की लूट में बदल गया। यह विभागीय भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या है। यह लडाई सिर्फ केमिस्ट की नहीं है बल्कि पारदर्शिता व ईमानदारी की है। 5 हजार परिवार आज आरजीएचसी घोटाले का सच जानना चाहते हैं।

प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति अध्यक्ष विवेक विजयर्गीय और उपाध्यक्ष सचिन गोयल ने आर.जी.एच.एस. में गड़बड़ी का आरोप लगाया।

साइबर धोखाधड़ी का शातिर अपराधी भानु प्रताप गिरफ्तार

जयपुर । बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक साइबर धोखाधडी के शातिर अपराधी भानु प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है। जिसके बैंक खाते में साइबर धोखाधड़ी से 50 लाख रुपये का लेन-देन होना सामने आया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक साइबर धोखाधड़ी के शातिर अपराधी भानु प्रताप सिंह निवासी फागी जयपुर ग्रामीण हाल बगरू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित भानु प्रताप सिंह द्वारा आदित्य इंटरप्राइजेज के नाम से एक फर्म बनाई। जो अनजान लोगो से मोबाइल पर सम्पर्क कर उन्हे शेयर मार्केट में राशि निवेश करने पर कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों को अपनी बातो में उलझाकर अपनी फर्म के खाते में रुपये डलवा कर साइबर धोखाधड़ी करता था। आरोपित के बैंक खाते की जांच करने पर पाया गया कि पिछले सात दिवस में उसके बैंक खाते में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये करीब 50 लाख रुपये की राशि जमा हुई है।

आरोपित के बैंक खाते पर अलग-अलग राज्यों से साइबर क्राइम पोर्टल पर पांच शिकायत साइबर फ्रॉड की दर्ज है। आरोपित भानु प्रताप सिंह पर पूर्व में भी एक प्रकरण फर्जी सीमे बेचने का दर्ज है। जिसमें वह गिरफ्तार होकर जमानत पर चल रहा है। आरोपित साइबर अपराध का आदतन अपराधी है।

ए.आई. तकनीक से पकड़ा डमी कैंडिडेट

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने पहुंचा था आरोपी, हरमाड़ा पुलिस ने दबोचा

जयपुर। हरमाडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एआई तकनीक की मदद से राजस्थान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए एक डमी कैंडिडेट को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बायोमेट्रिक जांच में सामने आया कि युवक जून-2025 में डीएलएड परीक्षा के दौरान दूसरे व्यक्ति की जगह परीक्षा दे चुका है। हरमाड़ा थाना पुलिस मेन कैंडिडेट और डमी कैंडिडेट को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि ए.आई. तकनीक की मदद से हरमाडा थाना पुलिस ने राजस्थान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए एक डमी कैंडिडेट 26 वर्षीय समुन्द्र सिंह निवासी मनिया जिला धौलपुर हाल मानसरोवर जयपुर को पकड़ा है। जोसेफ ने बताया कि बायोमेट्रिक जांच के दौरान मिलान में नाम अलग पाया गया। जांच में पता चला कि आरोपित समुंद्र सिंह डीएलएड एग्जाम में विकास की जगह बैठा था। समुद्र सिंह ने विकास बनकर बायोमेट्रिक का उपयोग कर पेपर दिया था। इस पर पुलिस ने विकास को भी पकड़ लिया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने के चलते दोनों आरोपियों के खिलाफ जीरो नंबर एफआईआर काटकर गांधी नगर थाने भेजी गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने कहा एआई को बायोमेट्रिक से कनेक्ट किया गया है। बायोमेट्रिक से अटेंडेंस लगाते ही एआई के जरिए कैंडिडेट की पूरी डिटेल आ जाती है। उसने पहले कौन-कौन से परीक्षा, किस जगह और कब दिए है।

सेंट्रल जेल में फिर मिले मोबाइल

जयपुर । लालकोठी थााना इलाके मे स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने के मामले सामने आए है। जेल प्रशासन की ओर से चलाए गए सर्च ऑपरेशन में सेल के अंदर बंदियों ने जमीन में दो मोबाइल गाढ़कर छिपा रखे थे। जहां पुलिस टीम ने गड्ढे खोदकर दो मोबाइल ढूंढ निकाले। इस संबंध में थाने में जेल प्रशासन की ओर से जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का मामला दर्ज करवाया गया है। वहीं पुलिस की ओर से मोबाइल प्रयुक्त करने वाले बंदियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी रामवीर सिंह ने लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया है कि जेल प्रशासन की ओर से संदिग्ध और लावारिस चीजों की खोजबीन के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जहां जेल अधीक्षक की निगरानी में चलाए गए सर्च ऑपरेशन में पूरे जेल की सघन तलाशी ली गई। इस सर्च ऑपरेशन में जेल के वार्ड नंबर-4 और वार्ड नंबर-9 में बंदियों ने जमीन में मोबाइल गाढ़कर छिपा रखे थे। जेल प्रशासन ने गड्ढा खोदकर दोनों मोबाइल जमीन से निकाले। दो अलग-अलग सेल में मिले दोनों मोबाइल के बारे में बंदियों से पूछताछ भी की गई।

विश्वभर का जो श्रेष्ठतम है, वह भारतीय संविधान में निहित है : राज्यपाल बागड़े

शाहपुर। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की माँग को लेकर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर शाहपुरा में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की है। विधायक यादव ने कहा कि शाहपुरा दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर जयपुर से लगभग 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक ऐतिहासिक और तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है। भौगोलिक दृष्टि से अहम होने के बावजूद शिक्षा के मामले में यह अब भी पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि शाहपुरा क्षेत्र की अधिकांश आबादी निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों से जुड़ी है, जो श्रम, मजदूरी और छोटे व्यवसायों पर निर्भर है। ऐसे में बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा की सख्त जरूरत है, लेकिन यहाँ केंद्रीय विद्यालय जैसी उच्च स्तरीय संस्था का अभाव है।विधायक मनीष यादव ने शाहपुरा में बताया कि शाहपुरा में केंद्रीय विद्यालय खुलने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। पूरे क्षेत्र का शैक्षिक वातावरण सुधरेगा, उच्च शिक्षा के लिए बेहतर आधार तैयार होगा। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दूर-दराज़ जाकर पढ़ाई करने की मजबूरी से छुटकारा मिलेगा।

अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वृताधिकारी उनियारा देवेन्द्र कुमार एवं अलीगढ़ थानाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर कन्जर बस्ती मण्डावरा खाल से आरोपी राजेश पुत्र हीरालाल कंजर (49) निवासी मण्डावरा थाना अलीगढ़ को अवैध हथकड शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध हथकड़ शराब 10 लीटर को जप्त किया जाकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी पीएम मोदी का जन्मदिन : अरूण चतुर्वेदी

पावटा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा मनाने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 17 सितम्बर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस

- **सेवा पखवाड़ा समाजसेवा, संगठन मजबूत करने का सशक्त माध्यम : सतीश पूनियां**

दौरान भाजपा कार्यकर्ता सेवा के संकल्प के साथ जन सामान्य के बीच जाकर विभिन्न सेवा कार्य करेंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन महरोज मोड़ राजमार्ग स्थित पंसारी होटल में हुआ।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी के सेवा के संकल्प के साथ जन सामान्य के बीच जाकर सेवा कार्य करेंगे। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा सेवा को ही संगठन मानते हुए संकल्पबद्ध होकर कार्य किया है। सेवा पखवाड़ा समाजसेवा और संगठन को मजबूत करने का सशक्त माध्यम होगा। इस अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाजहित में कार्य किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, नमो मैराथन, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि, वृक्षारोपण, बूथ कार्यकर्ता बैठक और कार्यकर्ता के घर भोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। जिनका उद्देश्य सेवा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देना है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने बताया कि सेवा पखवाड़े का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। भाजपा कार्यकर्ता सेवा के संकल्प के साथ जन सामान्य के बीच जाकर सेवा कार्य करेंगे और समाज के विकास में योगदान करेंगे। मंच संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चौधरी ने किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह, शाहपुरा प्रभारी उपेन यादव, जिला महामंत्री दामोदर बागड़ा समेत अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह व जयराम सिंह गुर्जर, शाहपुरा से रत्ना कुमारी, पूर्व सरपंच एलन स्वामी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला, एससी मोर्चा से बद्री प्रसाद चौहान, पूर्व चेयरमैन एडवोकेट महेन्द्र कुमार सैनी, एडवोकेट रामनिवास यादव, पावटा मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र राठी, भाजपा प्रागपुरा मंडल महामंत्री मिंटू शर्मा, मोनू शर्मा, सुभाष कुमावत, युवा नेता मुजिफ खान, उमेश कुमावत, अशोक सुरेलिया, हरिद्वारी लाल स्वामी, पूरण खटाना, कांशीराम लम्बोरा, गिरिराज ओला, विनोद मीणा, प्रकाश चंद समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएम मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े की तैयारियों को लेकर कार्यशाला हुई।

विधिक जागरूकता का हुआ आयोजन

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जयपुर अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति, शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने नगर परिषद् शाहपुरा के श्री श्याम मंदिर स्थित कॉलोनी में महर्षि दयानंद सरस्वती विद्यापीठ् में नालसा योजना 2015 के अंतर्गत " गरीबी उन्मूलन अभियान एवं साईबर क्राइम से बचाव के लिए विधिक जागरूकता की जानकारी से अवगत कराया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामजी लाल शर्मा के द्वारा संचालित की गई। इस अवसर पर महिला लैंगिक यौन उत्पीडन समिति की अध्यक्ष पिंकी शर्मा भी उपस्थित रही।

हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय में आज हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता नोडल अधिकारी प्रो रमेश बैरवा, विशेष व्याख्यान डॉ भूरसिंह गुर्जर एवं संचालन डॉ संपूर्णानंद गौतम ने किया। कार्यक्रम में अन्य संकाय सदस्य एवं छात्राएं शामिल रहीं।

'अधिकारी शिकायतों को लेकर बैठे नहीं उनका निस्तारण कर आमजन को करें लाभान्वित'

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने रीको, प्रदूषण नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, रसद एंव जिला परिषद विभाग के अधिकारियों को संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं तो वहीं उन्होंने पंचायती राज विभाग, रसद विभाग, रीको विभागों की पेंडेंसी

- **संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए**

अधिक होने पर आगाह कर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश कलेक्टर ने सोमवार को खैरथल जिला सचिवालय पर आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान दिए हैं।

समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतों को लेकर के नहीं बैठे उनका निस्तारण समय पर कर आमजन को लाभान्वित करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग, रसद विभाग, रीको विभागों की पेंडेंसी अधिक होने पर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए साथ ही रीको, प्रदूषण नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, रसद एंव जिला परिषद विभाग के अधिकारियों को संपर्क पोर्टल में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी ही मीटिंग में उपस्थित रहे तथा उच्च स्तर की बैठक में व्यस्त होने पर मीटिंग में आने वाले व्यक्ति को बैठक से संबंधी सभी जानकारी से अवगत कराकर ही मीटिंग में भेजें। उन्होंने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण विभाग, रीको, नगर निकाय के अधिकारियों को एवरेज डिस्पोजल सुधारने तथा आए हुए परिवादों को निश्चित समय अवधि में निस्तारण करने के भी निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर ने 17 सितंबर से आयोजित होने वाले शहर चलो अभियान, गांव चलो अभियान की तैयारी हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं के लाभ एवं कैंप में दिए गए कार्यों को सही ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शिविर के दिन लाभार्थी को वास्तविक लाभ मिल सके।इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें।

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

फुलेरा। राजस्थान पेंशनर समाज शाखा फुलेरा की मासिक बैठक शक्ति सिंह की अध्यक्षता में गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा सभागार में सम्पन हुई। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई व प्रस्ताव लिए गए, जिसमें आरजीएचएस योजना में गड़बड़ियों सामने आने के बाद सरकार की ओर से की गई सख्ती का असर पेंशनर्स पर हो रहा है।

राज्य सरकार द्वारा आरजीएचएस योजना में अधिकृत निजी चिकित्सालयों व मेडिकल स्टोर को समय पर भुगतान नहीं कर रही, जिसके कारण पेंशनर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 80 प्रतिशत पेंशनरों का जीवन दवाइयों पर निर्भर है, उन्हें दवाइयां नगद खरीदनी पड़ रही है।जिसके लिए

- **बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा हुई व प्रस्ताव लिए**

विभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित कर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई है। राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिन संस्थाओं के पास अपने भवन नहीं है, उनके लिए जमीन आवंटित की जाए, जिसके लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों का अधिकारियों से संपर्क कर पेंशन भवन के लिए जमीन के कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। क्रय-विक्रय समिति द्वारा स्थानीय उपजिला चिकित्सालय में मेडिकल स्टोर खोलने के लिए स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रभारी अधिकारी से संपर्क करने का निर्णय लिया गया, जिससे पेंशनरों को दवाई मिलने में सुविधा हो सके। राज्य के बाहर भी आरजीएचएस योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालय अधिकृत है, यदि कोई पेंशनर राज्य के बाहर गया हुआ हो तो उसे इलाज की आवश्यकता होने पर वहां कैशलेस इलाज ले सकता है। बैठक में नीरज तिवारी, रामावतार गुप्ता, किशनसिंह, रोस्टर जॉन, गंगाकाशी, शीला वायलेट, ग्लोरिया डेविड, इकरामुद्दीन कुरेशी, भंवरलाल कुमावत, प्रतापसिंह, रमेश चंद्र गोठवाल, मोहनलाल, नाथूलाल मावर, विमल कुमार शर्मा, सूर्यप्रकाश, कैलाश चंद, हनुमान सिंह, सूंडाराम, रामजीलाल, मगनसिंह आदि मौजूद रहे।

योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

कोटपूतली। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जून 2025 तिमाही तक की बैंकिंग क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बैंकों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंनेबैंकों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सीएम स्वानिधी योजना, पीएम मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। साथ ही, सभी शाखा प्रबंधकों को जागरूक कर अधिक से अधिक आवेदन प्रायोजित करने हेतु निर्देशित किया। किसानों को अधिकाधिक बैंकिग योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें, फसल बीमा का लाभ पहुंचाए।

'शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर में आने वाले हर व्यक्ति को तत्काल राहत प्रदान करें'

कोटपूतली। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्सेवा पर्व पखवाड़ाश के अन्तर्गत 17 सितंबर से शुरू हो रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में आने वाले व्यक्तियों को नियमानुसार तत्काल राहत दी जाए। संबंधित विभागों के अधिकारियों का यह प्रयास होना चाहिए कि जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ एवं राजस्व सम्बन्धी अपने काम लेकर शिविर में आए वह निराश नहीं हो। जिला कलेक्टर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

उन्होंने कहा कि शिविरों में किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण जनता को पात्रता के अनुसार योजनाओं के लाभ शिविर के दौरान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिविर का समय प्रात: 9.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा। शिविर समाप्ति यानी 6 बजे तक कुछ कार्य अपूर्ण या लंबित रहे तो कार्यों को पूर्ण करने के उपरांत ही शिविर का समापन किया जाए। साथ ही शिविर प्रभारी यह भी सुनिश्चित करें की शिविर शुरू होने से शिविर की समाप्ति तक अभियान से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय शिविर में उपस्थित रहें, ताकि जनता को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शिविरों की जिला स्तर पर प्रगति, पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु स्थापित कंट्रोल रूम से संपर्क रखें एवं प्रतिदिन शिविर समाप्ति पर पोर्टल पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों हेतु आवेदन, स्वीकृतियां एवं

- **जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ व राजस्व सम्बन्धी काम लेकर शिविर में आए वह निराश नहीं हो**

वितरण, बिजली तारों एवं खंभों इत्यादि में सुधार, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर सख्ती दिखाते हुए समयबद्ध निस्तारण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों के मद्देनजर बेहतर इलाज मुहैया कराने को कहा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसीईओ सुशीला मीणा, डीएसओ शशि शेखर शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों की बैठक जिला कलेक्टर।

पुष्कर साहू को इकाई अध्यक्ष बने

देवली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की बैठक संपन्न हुई।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री विवेक गोयल पुत्र श्री ताराचन्द गोयल निवासी 4/21ए, लाल निवास, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर (राज.) ने प्लाट नम्बर 12डी विनायक रेजिडेंसी ब्लॉक बी, विस्तार योजना, ग्राम जयसिंहपुरा, बास जिरोता, तह.सांगानेर, जयपुर का श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री विजय कुमार शर्मा निवासी 251, हिम्मत नगर, टोंक रोड, जयपुर से दिनांक 11.09.2025 को जरिये इकरारनामा क्रय करने का इकरार किया है, यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त प्लाट के क्रय विक्रय करने बाबत किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में या मेरे अभिभाष्य को लिखित में आपत्ति मय सबूत पेश करें। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।
जयपुर (प्रहलाद गुप्ता) एडवोकेट
दिनांक-15/9/25 मो.न.-09414051537

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 96/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री विकास मित्तल पुत्र श्री हंसराज गुप्ता निवासी मकान नम्बर 665, सरस्वती विहार चक्करपुर गुड़गावं हरियाणा-122002 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्काई हाइट्स वायर्स वेलफेयर एसोसिएशन सोसाइटी ट्रस्ट, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बी-ब्लॉक भगत सिंह कॉलोनी भिवाडी, तहसील टपूकड़ा जिला खैरथल तिजारा राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03/9/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 17/11/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-11/971 दिनांक-15/9/25
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 30/12/11, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 18.610 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री राकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री दौलत सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 536 दिनांक 29.08.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 26.09.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1922 दिनांक 08.02.2021 के द्वारा श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री योगेश कुमार शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्रीमती रेखा शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.06.2021 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री श्रद्धा शर्मा पुत्री श्री योगेश शर्मा ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वारिसान घोषणा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रद्धा शर्मा पुत्री श्री योगेश शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 20/2025
विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र
प्रार्थी नाम विनोद कुमार त्यागी पुत्र श्री रामनिवास त्यागी जाति विवाद स्थान 81, योजना सन् फ्लोवर, ग्राम चक गेटोर, तह. सांगानेर, जयपुर पुत्रियां भूमि त्यागी, हंविका त्यागी की संपति के विषय में
पेशी दिनांकः 10.11.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी / प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक का नाम भूमि त्यागी, हंविका त्यागी पुत्रियां विनोद कुमार त्यागी जाति... निवासी 81, योजना सन् फ्लोवर, चक गेटोर सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10 माह 11 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 11 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 11, जयपुर, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय, सांगानेर

सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर पालिका जोबनेर जिला जयपुर
प्रारूप -5 (नियम 6(2)) क्रमांकः- न.पा.जो. / 2025-26/1584 दिनांक 28.08.25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका मण्डल जोबनेर में नामहस्तान्तरण करवाये जाने हेतु निम्न लिखित पत्रावलियां विचाराधीन है। अगर इन सम्पतीयों का निस्तारण करने में किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के अन्दर मियाद अपनी आपति सबूतों सहित पालिका में दर्ज करवा सकते हैं। अवधि पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी व नियमानुसार अग्रीम कार्यवाही की जायेगी।
नामान्तरण

क्र. स.	आवेदक का नाम मय पता	पता	पटटाधारक का नाम	प्रस्तावित नामान्तरण	भूखण्ड का क्षेत्रफल
1	श्री मोहन लाल कुमावत पुत्र स्व. श्री पन्नालाल कुमावत	इन्द्रा कालोनी जोबनेर	श्री पन्नालाल कुमावत पुत्र श्री निरमाराम कुमावत	आवासीय	78.33 वर्गगज
2	श्रीमती पतासी देवी पत्नी स्व. श्री पन्नालाल कुमावत	इन्द्रा कालोनी जोबनेर	श्री पन्नालाल कुमावत पुत्र श्री निरमाराम कुमावत	आवासीय	113.66 वर्गगज
3	श्री सुरेन्द कुमावत पुत्र स्व. श्री पन्नालाल कुमावत	इन्द्रा कालोनी जोबनेर	श्री पन्नालाल कुमावत पुत्र श्री निरमाराम कुमावत	आवासीय	236.20 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका जोबनेर

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283
फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ.10(1)/खे.अ./टेण्डर/2025/215 दिनांक :- 12/09/2025
ई-निविदा सूचना संख्या 45/2025-26
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा संचालित क्रिकेट एरिना, जयपुर हेतु निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से क्रिकेट एरिना उपकरणों (Cricket Arena Equipment) की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफों में एतद् द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर कार्यालय में दिनांक 12.09.2025 को प्रकाशित कर 24.09.2025 को अपराह 1.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा उसी दिन साय 4:00 बजे उपस्थित निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा का सम्पूर्ण विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in पर देखी जा सकती है।
UBN No.: RSC2526GSOB00047
राज.संवाद/सी/25/10054 सचिव

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा
email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-501903
क्रमांकः ननिको(उ)/निर्माण/2025/4917-30 दिनांकः 11.09.2025
-:निविदा संशोधन सूचना:-
नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 13/2025-26 निविदा क्रमांक 4755-68 दिनांक 29.08.2025 को जारी ई-निविदा के कार्य संख्या 03 व 04 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
शेष यथावत रहेगीं।
अधीक्षण अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/10028 नगर निगम, कोटा-उत्तर

कार्यालय नगर परिषद् जालोर (राज.)
क्रमांक-नपजा/भूमि नियमन/2025/3581 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-19/2/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् क्षेत्र जालोर के 69 ए के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद् कार्यालय को प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एंव आवेदको के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

क्र. सं.	प्रकरण संख्या	आवेदक का नाम/पता	आडौस-पडौस चतुर्थदर्शी	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गगज)	प्रयोजन का प्रकार
1	45/2025-26	श्री हिरालाल पुत्र भंवरलाल जी कंसारा सरावास जालोर	उत्तर मंगलचंद सोनी का मकान दक्षिण-रमेशजी/पिराजी का मकान पूर्व-वागे खां जी का मकान पश्चिम- रास्ता	126.30	आवासीय
2	46/2025-26	श्री मंजुदेवी पत्नि रमेश कुमार ईन्द्रापुरी कॉलोनी जालोर	उतर खालसा भूमि दक्षिण-रास्ता पूर्व-मंगलाराम, मोतीरामप्रजापत मकान पश्चिम- खाली प्लोट	108.88	आवासीय

आयुक्त, नगर परिषद जालोर

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर (पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-5) (राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांकः एफ-6( ) उपा.राज.-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज./ 2025 /193 **सार्वजनिक सूचना** दिनांकः 15.09.2025
मूल भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री द्वारका प्रसाद के नाम से क्षेत्रफल 722.2 वर्गगज भूमि का आवंटन/पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 16.08.1961 को श्री द्वारका प्रसाद पुत्र श्री छीतर मल द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर क्षेत्रफल 722.2 वर्गगज श्रीमती अमृत कौर पत्नी श्री सरदार हरदेव सिंह को बेचान किया गया। नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर श्रीमती अमृत कौर पत्नी श्री सरदार हरदेव सिंह के नाम से नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 06.09.1975 को सरदार हरदेव सिंह पुत्र श्री सरदार करम सिंह बहैसियत मुख्तारखास श्रीमती अमृत कौर पत्नी सरदार हरदेव सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर 722.2 वर्गगज स्टैट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर ऑफिसर्स हाऊसिंग को-ऑपरेटिस सो. लि. जरिये मंत्री रामसुख सविता को बेचान किया गया। दिनांक 19.12.1975 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी योजना, जयपुर सचिव, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर ऑफिसर्स हाऊसिंग को-ऑपरेटिस सो. लि. के नाम से नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 30.08.1990 को श्री आर.एस. सविता पुत्र श्री ख्यालीराम बहैसियत मंत्री एस.बी.बी.जे. आफिसर्स हाउसिंग को-आपरेटिव सो.लि. जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, तिलक नगर, जयपुर का पश्चिमी भाग कुल क्षेत्रफल 388.9 वर्गगज श्री एस.एल. गुलाटी के नाम से रजिस्टर्ड हस्तान्तरण पत्र का निष्पादन किया गया। दिनांक 10.06.2019 को श्री एस.एल. गुलाटी एवं दिनांक 28.11.2011 को श्रीमती कमला गुलाटी की मृत्यु हो गई। दिनांक 12.05.2025 को नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-165, मोती डूंगरी स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 722.2 वर्गगज में से भूखण्ड संख्या सी-165-ए (पश्चिमी भाग) क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज श्री मुकेश गुलाटी, श्री राकेश गुलाटी एवं श्री दिनेश गुलाटी पुत्रान् स्व. श्री सिकन्दर लाल गुलाटी के नाम से उपविभाजन पत्र जारी किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड हस्तान्तरण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, उपविभाजन पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री मुकेश गुलाटी, श्री राकेश गुलाटी एवं श्री दिनेश गुलाटी पुत्रान् स्व. श्री एस.एल. गुलाटी के पक्ष में क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज का ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

खोया पाया
मै महेश कुमार पुत्र श्री भोला राम प्लॉट न B-21 आर के वाटिका सिटी 6 गांव भाटेड तहसील सांगानेर जयपुर के पट्टे की मूल प्रति, आवंटन पत्र साइट प्लान रसीद खो (गुम)गई है मिलने पर सूचित करे मो.7742221358

नाम परिवर्तन
मै प्रखर पिता का नाम श्री कैलाश चंद्र टांक पता प्लाट नं. 174-A ग्रीनपार्क, गोविंदपुरा, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जिला-जयपुर राजस्थान-302012 यह कि मेने मेरा नाम प्रखर टांक से बदलकर प्रखर रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे प्रखर नाम से जाना जाये।

मैने अपनी पुत्री दीक्षा यादव D/o विनोद यादव उसके कुछ दस्तावेजो में नाम अंजल यादव, दीष्यु यादव, एंजेल लिखा है। इससे बदलकर दीक्षा यादव D/o विनोद यादव रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना वह पढ़ा जावें। पता- भादवा नगर, चम्पापुरा, माचवा, जयपुर राजस्थान 303706

I No 15433250f Hav Lokendra singh My father name is Ramavtar singh has been wrongly recorded in the military records. while according to the Aadhaar card the correct name is RAMOUTAR SINGH.Affidavit no is IN-AS86250976036371X.

I No 15433250f Hav Lokendra singh My Mother name is MANJESH DEVI has been wrongly recorded in the military records.while according to the Aadhaar card the correct name is MANGESH DEVI.Affidavit no is IN-AS86251342082538X.

सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर पालिका जोबनेर जिला जयपुर
प्रारूप -5 (नियम 6(2)) क्रमांकः- न.पा.जो. / 2025-26/1736 दिनांक 13.09.25
सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि नगरपालिका मण्डल जोबनेर में 69 क / स्टेट ग्रान्ट / नामान्तरण / निमार्ण ईजाजत के तहत् निम्न लिखित पत्रावलियां विचाराधीन है। अगर इन सम्पतीयों का निस्तारण करने में किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के अन्दर मियाद अपनी आपति सबूतों सहित पालिका में दर्ज करवा सकते है। अवधि पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी व नियमानुसार अग्रीम कार्यवाही की जायेगी। **69 क/स्टेट ग्रान्ट पट्टा**

क्र. स.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	वार्ड/ कॉलोनी गली का नाम	आगे पीछे का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	आवासीय/ व्यवसायिक	क्षेत्रफल (वर्गगज)
1	श्री गोपाल लाल अग्रवाल पुत्र श्री सोहन लाल अग्रवाल	कालवाड रोड, ढाणी,नागान जोबनेर	श्री बन्शी लाल कुमावत का भूखण्ड	श्री गोपाल अग्रवाल की जमीन	श्री नानुराम खोराणिया की जमीन	आम रास्ता	मिश्रित	351.125 वर्गगज
2	श्री बन्शी लाल कुमावत पुत्र श्री लाल चन्द कुमावत	कालवाड रोड, ढाणी,नागान जोबनेर	लालचन्द कुमावत का भूखण्ड	श्री गोपाल अग्रवाल की जमीन	श्री नानुराम खोराणिया की जमीन	आम रास्ता	मिश्रित	351.125 वर्गगज
3	श्री नेमी चंद सिंधी पुत्र श्री अमर चन्द सिंधी व सुरेन्द्र कुमार सिंधी पुत्र स्वं. श्री जवाहर मल सिंधी	रावल नरेन्द्र मार्ग जोबनेर	आम रास्ता	नरेन्द्र मार्ग व रास्ता	श्री गोपीचन्द पुत्र श्री अमरचन्द सिंधी का मकान	श्री ज्ञानचन्द भागचन्द पुत्र श्री अमरचन्द सिंधी का मकान	आवासीय	197.50 गंगज
4	श्री शंकर लाल सैन पुत्र श्री लादूराम	बैरवालो की ढाणी भारिजा रोड जोबनेर	आबादी भूमि	भारिजा रोड	धर्मशाला के पास बाउण्ड्रीवाल	भारिजा रोड	आवासीय	13.44 वर्गगज
5	श्री मनीष कुमार पाटनी पुत्र स्व. श्री मदन लाल पाटनी श्री आदित्य पाटनी पुत्र स्व. श्री अनिल कुमार पाटनी व श्री विवेक पाटनी पुत्र स्व. श्री विनोद कुमार पाटनी	वार्ड न. 6 कुम्हारों का मोहल्ला जोबनेर	श्री छितर मल जैन का मकान	आम रास्ता	श्री गजानन्द सोनी का मकान	आम रास्ता	आवासीय	167.55 वर्गगज
6	श्री रोहित गुर्जर पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.17 सराय मोहल्ला जोबनेर	श्री दान मोहम्मद कुरेशी का मकान	श्री कमलेश गुर्जर का मकान	श्री नूर मोहम्मद कुरेशी का मकान	आम रास्ता	आवासीय	296.40 वर्गगज
7	श्री यादवेन्द्र सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.17 सराय मोहल्ला जोबनेर	श्री कमलेश गुर्जर का मकान	श्री नूर मोहम्मद कुरेशी का मकान	श्री कालूजी कुम्हार का मकान	आम रास्ता	आवासीय	261.07 वर्गगज
8	श्री कमलेश कुमार गुर्जर पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.17 सराय मोहल्ला जोबनेर	श्री रोहित गुर्जर का मकान	श्री यादवेन्द्र सिंह का मकान	श्री कालूजी कुम्हार का मकान	आम रास्ता	आवासीय	282.74 वर्गगज
9	श्री यशवेन्द्र गुर्जर पुत्र श्री रणवीर सिंह	वार्ड न.06, गुर्जरों का मोहल्ला जोबनेर	श्री ओमप्रकाश गुर्जर का मकान	आम रास्ता	आम रास्ता सीमेन्ट सडक	आम रास्ता सीमेन्ट सडक	मिश्रित	154.44 वर्गगज
10	श्री बिरदी चन्द पुत्र श्री गोपी राम	वार्ड न.20,गोडावाली कोठी जोबनेर	श्री नन्द लाल कुमावत का मकान	श्री भंवर लाल जी का प्लाट	स्वंय की जमीन	आम रास्ता सीमेन्ट सडक	आवासीय	354.66 वर्गगज
11	श्रीमती केली देवी पत्नि स्व. श्री किशन लाल	वार्ड न.13, खटीकों का मोहल्ला जोबनेर	श्री डाल चन्द का मकान	आम रास्ता	आम रास्ता	स्वयं का मकान	आवासीय	26.32 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मण्डल जोबनेर

सरकार ने 222 आर.ए.एस. का तबादला कर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया

वाणिज्यिक कर विभाग के उपायुक्त मोहन दान रत्नू बने मुख्यमंत्री भजनलाल के विशेषाधिकारी

-कार्यालय संवाददाता-

- खाद्य सुरक्षा निदेशालय के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा को गौ-पालन निदेशक बनाया
- जयपुर ग्रेटर के अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार बने स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त निदेशक
- हैरिटेज निगम के अतिरिक्त कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह यादव को सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग में लगाया
- जयपुर विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त आयुक्त समेत कई नये उपायुक्त लगाए, ग्रेटर-हैरिटेज के उपायुक्त भी बदले

जयपुर। राजस्थान सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए सोमवार को राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आर.ए.एस.) के 222 अधिकारियों के तबादले किए है। इस फेरबदल में जयपुर, जोधपुर, कोटा, अलवर और बीकानेर की 9 यूनिवर्सिटीज के रजिस्ट्रार बदले गए हैं। साथ ही वाणिज्य कर विभाग के उपायुक्त मोहन दान रत्नू को मुख्यमंत्री भजन लाल का विशेषाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं अशोक कुमार योगी वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के विशिष्ट सहायक (एसए) के पद पर पोस्टिंग दी गई है। शुद्ध के लिए युद्ध और मिलावटी वस्तु के छापों से चर्चा में आए पंकज ओझा को खाद्य सुरक्षा निदेशालय के अतिरिक्त आयुक्त से हटाकर उन्हें गौ-पालन निदेशक के पद पर लगाया गया है। गौरतलब है कि पंकज ओझा ने फूड सेफ्टी विभाग में रहते बड़े स्तर पर छापेमारी की थी। इसके साथ ही नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज में अतिरिक्त आयुक्त के साथ-साथ कई उपायुक्तों का तबादला किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण में भी अतिरिक्त आयुक्त लगाते हुए कई नये उपायुक्तों को लगाया गया है।

इस आदेश में संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों का भी तबादल किया है। जिसमें दिनेश कुमार जांगिड को सहकारिता विभाग से पशुपालन विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्ति दी है। असलम शेर खान को जल संसाधन विभाग से अल्पसंख्यक मामला विभाग में संयुक्त सचिव, नरेंद्र कुमार बंसल को कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव से नगर निगम ग्रेटर में अतिरिक्त आयुक्त की जिम्मेदारी दी है। आनंदीलाल वैष्णव को प्रसारण निगम के सचिव से गृह विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर लगाया है। खान विभाग की संयुक्त सचिव आशु चौधरी को राजस्थान यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद पर लगाया गया है। राजपाल सिंह का सीईओ जिला परिषद कोटा से कोटा यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के पद पर तबादला किया है। कोटा यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार भावना शर्मा को अब राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी कोटा के रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी दी गई है। अशोक कुमार को अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग से महाराणा प्रताप एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी उदयपुर में रजिस्ट्रार के पद पर लगाया है।

राजस्व अपील अधिकारी सुरेश कुमार नवल को भरतपुर विकास प्राधिकरण में सचिव के पद पर लगाया गया है। अरविंद सारस्वत को खान विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार को स्थानीय निकाय विभाग में अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है। सीमा कुमार की जगह नरेंद्र कुमार बंसल को कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव से तबादला करके नगर निगम ग्रेटर में अतिरिक्त आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं हैरिटेज नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव का तबादला करके उन्हें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में (छात्रवृति एवं छात्रावास) के अतिरिक्त निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं हैरिटेज निगम के उपायुक्त युगान्तर शर्मा को अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट्र (शहर)जयपुर दक्षिण के पद पर लगाया है। प्रवीण कुमार द्वितीय, बिजेन्द्र सिंह और राजेन्द्र कुमार द्वितीय को हैरिटेज निगम में उपायुक्त, नीलम मीणा को ग्रेटर निगम में उपायुक्त के पद पर लगाया है। इसी तरह प्रतिभा पारीक को जयपुर विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त आयुक्त के रिक्त पद पर लगाया है। रविन्द्र कुमार शर्मा, देविका तोमर, खेमाराम यादव, ओम प्रभा, अर्शदीप बराड़, सीमा खेतान और पुखराज कासोटिया को जयपुर विकास प्राधिकरण में उपायुक्त लगाया है। साथ ही महावीर सिंह द्वितीय को जेडीए में प्राधिकृत अधिकारी के पद पर जिम्मेदारी सौंपी है। आर.ए.एस. गोपाल सिंह को राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड जयपुर में सचिव तथा डॉ. अशोक कुमार चतुर्थ को उपसचिव के पद पर लगाया है।

इसके अलावा घूसकांड में एसीबी में ट्रेप हो चुके पुष्कर मित्तल को झालावाड़ के मनोहर थाना में एसडीएम लगाया है। साथ ही एपीओ चल रही कश्मीर कौर रॉन को गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के रजिस्ट्रार पद पर पोस्टिंग दी गई है। डॉ गुंजन सोनी को जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी जोधपुर और ममता यादव को बाबा आमटे दिव्यांग यूनिवर्सिटी जयपुर के रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी दी गई है। सावन कुमार चायल को आयुर्वेद विभाग के उपसचिव से राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर के रजिस्ट्रार पद पर लगाया है। झुंझुनूं एसडीएम पंकज शर्मा का तबादला वेटरनरी यूनिवर्सिटी बीकानेर के रजिस्ट्रार के पद पर किया गया है। एमडीएस यूनिवर्सिटी अजमेर की रजिस्ट्रार प्रिया भार्गव को स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव, मत्स्य यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार लोकेश कुमार मीणा को राजमेश उपनिदेशक के पद पर लगाया है। जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार हरीतिमा को उपायुक्त सीएडी बीकानेर लगाया। वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा की रजिस्ट्रार सरिता को जिला आबकारी अधिकारी कोटा के पद पर लगाया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित नियमित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित नियमित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। इसके लिए प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासनिक तंत्र विकसित किया गया है, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की परिवेदनाओं को प्राथमिकता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की विभागीय स्तर पर निगरानी की जाए और परिवादियों को समाधान की जानकारी समय-समय पर दी जाए। उन्होंने आपसी समझाइश से विवादों के समाधान को प्राथमिकता देने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस जनसुनवाई में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याएं उठाई गईं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने किया स्मारिका का विमोचन

जयपुर (कासं)। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किए गए विकास कार्यों को समाहित कर एक स्मारिका का प्रकाशन किया गया। इस स्मारिका में ग्रेटर निगम के वार्ड 84 में हुए बहुआयामी विकास कार्यों के साथ जन उपयोगी एवं अन्य जानकारी का भी समावेश किया गया है।

स्मारिका का प्रकाशन चेयरमैन पार्षद वार्ड 84 अभय पुरोहित द्वारा करवाया गया। जिसका विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निवास पर किया।

इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर जयपुर के उपमहापौर पुनीत कर्णावत, लक्ष्मीकांत भारद्वाज प्रवक्ता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, अभय पुरोहित, एसएफएस डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष किशन लाल छत्तानी, सीए ललित चांदगोठिया, श्री दिगंबर जैन समाज एसएफएस की निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. राजेश जैन काला उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रेटर निगम जयपुर के चेयरमैन अभय पुरोहित द्वारा सांगानेर के विकास कार्यो पर तैयार स्मारिका का विमोचन किया।

एटीएस ने पकडा 25 हजार रुपए का इनामी बदमाश

जयपुर। आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस) ने गुजरात में छिपे पच्चीस हजार रुपए के इनामी मोस्ट वांटेड बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो पिछले करीब 27 सालों से धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा था। एटीएस टीम ने जाल बिछाकर पैसों का लालच देकर मिलने बुलाकर इनामी बदमाश को धर-दबोचा।

एटीएस पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि मोस्ट वांटेड बदमाश अकबर (61) निवासी मांगरोल सुरत (गुजरात) को गिरफ्तार किया है। जो पिछले काफी समय से गुजरात में अपने ससुराल में रहकर फरारी काट रहा था। वर्ष 1998 में वाहनों की खरीद-बेचन को लेकर धोखाधड़ी के मामले में बांसवाड़ा पुलिस ने गैंग के बदमाश पीर मोहम्मद, हमीद खां, विवेक कुमार और दाऊद को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में बदमाश अकबर और यूसुफ फरार चल रहे थे। बांसवाड़ा एसपी की ओर से जालसाज अकबर के खिलाफ पच्चीस हजार का इनाम रखा गया था। पिछले दो महीने से एटीएस टीम की ओर से मोस्ट वांटेड अकबर के छिपने के ठिकानों का पता लगाया जा रहा था।

'पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की एक और साजिश बेनकाब, हाईकोर्ट ने भाजपा कार्यकर्ताओं को किया बरी'

एसओजी और एसीबी के दुरुपयोग से दर्ज हुए झूठे मुकदमों का पर्दाफाश, कांग्रेस की नीयत उजागर : मदन राठौड़

जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले में भाजपा कार्यकर्ता भरत मालानी (ब्यावर) एवं अशोक सिंह (उदयपुर) को सहसम्मान बरी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने इस निर्णय को "कांग्रेस की साजिश की हार और लोकतंत्र की जीत" बताया।

राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार ने एसओजी और एसीबी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए झूठे मुकदमे दर्ज करवाए थे। इन मामलों में दोनों निर्दोष भाजपा समर्थकों को लगभग एक माह तक जेल में रहना पड़ा। आज एसीबी द्वारा प्रस्तुत एफ़आर के आधार पर हाईकोर्ट द्वारा दोनों को बरी किया जाना यह सिद्ध करता है कि कांग्रेस ने अपने आंतरिक सत्ता संघर्ष को छुपाने के लिए विपक्षी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि "कांग्रेस ने उस समय अपने ही भीतर चल रही खींचतान और सचिन पायलट को कमजोर करने के उद्देश्य से भाजपा से जुड़े लोगों को फंसाने की साजिश रची।" उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा विधायकों को होटल में रखकर सरकार चलाना लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ एक गंभीर खिलवाड़ था, और उसी की आड़ में झूठे मुकदमे गढ़े गए। राठौड़ ने कहा कि जनता सब देख रही है। कांग्रेस की ये साजिशें आने वाले चुनावों में उसे भारी पडेंगी। यह फैसला साबित करता है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। गौरतलब हैं कि 2020 में अशोक गहलोत सरकार ने आरोप लगाया था कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में एसओजी में एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें भरत मालानी और अशोक सिंह को गिरफ्तार किया गया। बाद में एसीबी में नई एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन न्यायालय ने समस्त तथ्यों की जांच के बाद दोनों को बाइज्जत बरी कर दिया।

उधारी चुकाने का झांसा दे महिला से दुष्कर्म

जयपुर। शिवदासपुरा थाना इलाके में एक परिचित ने महिला से रुपए उधार लिए और झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी से नकदी लौटना का दबाव बनाया तो आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी की धमकी से परेशान महिला ने थाने पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयानों के आधार पर आरोपी पक्ष के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने बताया कि महिला का आरोप है कि परिचित होने के कारण दोनो में बातचीत थी और आरोपी का घर पर आना -जाना था। आरोपी ने वर्ष 2019 में महिला से उधार रुपए लिए थे। जिसके बाद वो दो -तीन सात पर नकदी लौटाने के लिए झांसे देता रहा। आरोपी ने पीड़िता को प्रेम जाल में फंसा कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

शेखावाटी की हवेलियां हमारी अनमोल धरोहर : मुख्यमंत्री

भविष्य में कोई भी हवेली नहीं तोड़ी जाए, जिला कलक्टर करें सुनिश्चित : भजनलाल शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शेखावाटी की हवेलियां प्रदेश की अनमोल एवं अद्वितीय धरोहर हैं। राज्य सरकार इस समृद्ध विरासत की सुरक्षा व रखरखाव के लिए हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में शेखावाटी विरासत सरंक्षण संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बजट वर्ष 2025-26 में शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना की घोषणा की गई है। इस योजना में झुंझुनूं, सीकर और चूरू में अब तक 662 ऐतिहासिक हवेलियों को चिन्हित किया है। इन हवेलियों को हेरिटेज वॉक, सांस्कृतिक केंद्र, आर्ट गैलरी, होमस्टे और टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला कलैक्टर सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई भी हवेली नहीं तोड़ी जाए। शेखावाटी क्षेत्र की धरती अपने आप में कला, संस्कृति और आस्था का अद्वितीय संगम है। ऐसे में शेखावाटी क्षेत्र आज पर्यटन में सिरमौर बन रहा है।

इस वर्ष के छह माह में शेखावाटी के तीन जिलों सीकर, झुंझुनूं और चूरू में लगभग एक करोड़ 90 लाख देशी पर्यटक और 33 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक आए। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार यमुना जल समझौते को मूर्त रूप दे रही है। इसी तरह खाटूश्यामजी मंदिर एवं सालासर बालाजी मंदिर को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों को कुल 30 हैरिटेज प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। ये प्रमाणपत्र हवेलियों को संरक्षण से जोड़ते हुए उन्हें पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों का हिस्सा बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी के रामगढ़, नवलगढ़, मंडावा, खेतड़ी, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर और महनसर कस्बों की विरासत के संरक्षण एवं विकास के लिए विभिन्न विभागों की ज्वाइंट कमेटी गठित की जाएगी, जो इन क्षेत्रों में आधारभूत संरचना एवं पर्यटन विकास के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाकर कार्य करेगी।

दो मोबाइल चोर गिरफ्तार

जयपुर। रामनगरिया थाना पुलिस ने दो मोबाइल चोरों सौरभ उर्फ सागर मीना (21) निवासी टोडाभीम जिला करौली हाल खानाबदोश जगतपुरा और सलताज खान (22) निवासी टोडाभीम जिला करौली हाल लूनियावास खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशे के पैसों के लिए चोरी करते थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

रक्तदान अमृत महोत्सव में 3 लाख यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 75 देशों में 7500 से अधिक रक्तदान शिविर लगाएंगे

ग्रेटर नगर निगम जयपुर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की ओर से आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया।

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की ओर से रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 का आयोजन किया जायेगा। भारत सहित 75 देशों में 7500 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन बुधवार को करके नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया जाएगा।

अभियान का लक्ष्य 3 लाख यूनिट रक्त संग्रह कर सेवा का अद्वितीय उदहारण प्रस्तुत करना है। देशभर में 4 हजार रक्त बैंक, 5 हजार डॉक्टर, 25 हजार लैब टैक्नीशियन और 1 लाख स्वयंसेवक इस अभियान से जुड़कर सेवा में भाग ले रहे है। यह जानकारी मंगलवार को जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उप महापौर पुनीत कर्णावत, लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक बैद, जयपुर परिषद् अध्यक्ष रवि छाजेड़, राष्ट्रीय एमबीडीडी टीम एवं जयपुर कैंप के संयोजक सुरेंद्र नाहटा, जयपुर संभाग के प्रभारी करण नाहटा, जयपुर परिषद् के मंत्री शरद बरडिया ने प्रैस कॉफ्रेंस में दी।

उप महापौर पुनीत कर्णावत ने बताया कि यह मुहिम वक्त की ज़रूरत है। भारत सरकार के स्वस्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रेल मंत्रालय, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, रेलवे पुलिस फ़ोर्स तथा एन.एस.एस सहित अनेक संस्थाएं इस अभियान का सहयोग कर रही है।

केन्द्रीय नेताओं जैसे जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्णव, नितिन गडकरी, पियूष गोयल आदि का समर्थन प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव और खेल मंत्री मनसुख माण्डविया ने पूरे देश में अभियान का प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिए है।

